केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत निकाय
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India
18, Institutional Area, S.J.S. Marg, New Delhi-110016
दूरभाष/Tel.: 26533749 वैबसाइट/Website: www.kvsangathan.nic.in
ईमेल/Email :kvshindisection@gmail.com

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फा.सं.21011-17/2025-26/ केविसं (मु०) /हि. 13409 दिनांक : 31 .08.2026

**विषय**:- केन्द्रीय विद्यालय संगठन में सितंबर- 2026 में हिंदी माह का आयोजन किया जाना ।

संदर्भः शिक्षा मंत्रालय के दिनांक 06.08.2026 के पत्रांक 12011/01/2022-रा.भा.ए.

उपर्युक्त विषय पर निर्देशानुसार केविसं (मु 0) में सितम्बर 2026, हिंदी माह का आयोजन किया जाना अपेक्षित है। इसी संदर्भ में कार्यालय में दिनांक 01 से 30 सितंबर, 2026 तक निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा :-

| क्र. सं. | दिनांक / दिन | समय | कार्यक्रम एवं प्रतिभागिता | आयोजक | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.09.2026 मंगलवार | पूर्वाह्न 11.00 बजे | **उद्घाटन**<br>दीप प्रज्वलन, कार्यक्रम की रूपरेखा केविसं (मु0) के सभी अनुभाग अधिकारी स्तर तक के अधिकारी | **माननीय** आयुक्त, महोदय की अध्यक्षता में | दीप प्रज्वलन, (माँ सरस्वती प्रांगण में) भीष्म सभागार |
| 2 | 03.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | **सुलेख प्रतियोगिता-**<br>(नियमित सब-स्टाफ एवं अनुबंधित कर्मचारियों हेतु जिनमें पुरस्कारों का विभाजन भी पृथक-पृथक किया जाएगा) | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0) | भीष्म सभागार |
| **3** | 07. 09.2026 सोमवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | **कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता –**<br>नियमित सब-स्टाफ एवं अनुबंधित कर्मचारियों हेतु जिनमें पुरस्कारों का विभाजन भी पृथक-पृथक किया जाएगा) | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0)) | भीष्म सभागार |
| 4 | 09.09.2026 बुधवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | **हिंदी टिप्पण/ प्रारुप लेखन प्रतियोगिता**<br>(समस्त अधिकारी/कर्मचारी) | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0)) | भीष्म सभागार |
| 5 | 14.09.2026 सोमवार | पूर्वाह्न 11.00 बजे | **माननीय शिक्षा मंत्री का संदेश एवं** आयुक्त, महोदय की अपील<br>केविसं (मु0) के सभी अनुभाग अधिकारी स्तर तक के अधिकारी | **माननीय** आयुक्त, महोदय की अध्यक्षता में | भीष्म सभागार |
| 6 | 17.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | निबंन्ध लेखन **प्रतियोगिता-**<br>(समस्त अधिकारी/कर्मचारी) | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0)) | भीष्म सभागार |
| 7 | 21.09.2026 सोमवार | अपराह्न 3.00 - बजे | कार्यालय में अनुभागों की राजभाषा कार्यान्वयन प्रदर्शनी प्रतियोगिता -- | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) (प्रभारी सहायक निदेशक(रा0) | भीष्म सभागार |
| 8 | 23.09.2026 बुधवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता –<br>(समस्त अधिकारी/कर्मचारी) | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0)) | भीष्म सभागार |
| 9 | 24.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | कविता पाठ प्रतियोगिता –<br>केवल संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए | संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रभारी सहायक निदेशक(रा0)) | भीष्म सभागार |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 28.09.2026 सोमवार | अपराह्न 2.30 - 4.30 बजे | तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रपत्र पर चर्चा (समस्त अधिकारी/ कर्मचारी) | कार्यशाला का आयोजन श्रीमती आर हरिणी हिन्दी अनुवादक | भीष्म सभागार |
| 11 | 29.09.2026 मंगलवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | संघ की राजभाषा नीति पर चर्चा – परिचर्चा | केविसं (मु0) के सभी अनुभाग | भीष्म सभागार |
| 12 | 30.09.2026 बुधवार | आयुक्त महोदय की अनुमति से उनकी सुविधानुसार | हिन्दी माह (समापन-समारोह) | माननीय आयुक्त, महोदय की अध्यक्षता में | भीष्म सभागार |

**02. नियम एवं शर्तें :**

इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रमुख नियम एवं शर्तें :

1. किसी भी एक प्रतियोगिता में पाँच से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता रद्द की जा सकती है।
2. हिंदीतर भाषा (Non Hindi) कर्मचारियों को मूल्यांकन में 20% अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाएगा।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
4. किसी एक कार्मिक द्वारा एक से अधिक प्रतियोगिताओं में विजयी रहने पर अधिकतम राशि का **केवल एक पुरस्कार** दिया जाएगा तथा दूसरी प्रतियोगिता से उनका नाम हटाकर उनके नीचे के क्रम के अगले कार्मिक को उस प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चयनित किया जाएगा।
5. हिंदी अनुभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
6. प्रशासनिक कारणों से तिथियों एवं स्थान इत्यादि में परिवर्तन भी किया जा सकता है।
7. कविता पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वरचित कविता को प्राथमिकता देते हुए अधिक अंक प्रदान किए जाएंगे।

**संक्षेप में केविसं (मु 0) के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह है कि वे दिनांक 01-09-2026 से 30-09-2026 तक कार्यालय का अपना सरकारी कार्य राजभाषा हिन्दी में ही निष्पादित करें। यह संवैधानिक अपेक्षा भी है। साथ ही उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें | वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इसकी जानकारी अपने अनुभाग के सभी कर्मचारियों में देने की कृपा करें ताकि प्रतिभागिता हेतु अपने नाम हिन्दी अनुभाग को दिनांक 01-09-2026 तक संलग्न प्रपत्र में भरकर भेजे |**

**हिंदी माह का समापन दिनांक 30.09.2026 को आयुक्त महोदय के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।**

31/08/2026

(नीलम)
संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

**संलग्नक : नामांकन प्रपत्र**

वितरण -:

1. संगठन (मु 0) के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. सहायक आयुक्त (आईटी सेल) को इस अनुरोध के साथ कि वे इसे केविसं की वेबसाईट पर अपलोड करें |
3. नोटिस बोर्ड /सूचना पट्ट |
4. गार्ड फाइल |